## एस0सी0 किसानों का “लवणरोधी फसलों तथा उन्नत तकनीकी द्वारा भूमि में सुधार एवं आय में वृद्धि” पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

के0मृ0ल0अनु0स0—क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ द्वारा किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का दिनांक 03 फरवरी, 2025 को शिवरी प्रक्षेत्र पर आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लखनऊ एवं उन्नाव जनपद के 24 किसानों ने भाग लिया जिसमें 06 महिलाएं भी थी। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में डॉ0 आर0एच0 रिजवी, नोडल अधिकारी ने भारत सरकार की किसानों के लिए चलाई जाने वाली एस.सी. एस.पी. योजना से अवगत कराया। तदोपरान्त डॉ0 संजय अरोड़ा, प्रधान वैज्ञानिक ने ऊसर भूमि को सुधारने के विभिन्न उपायों की जानकारी किसानों को दी। डॉ0 रवि किरण, वैज्ञानिक ने संस्थान द्वारा विकसित लवणरोधी फसलों (गेहूं, धान, सरसों) की विस्तृत जानकारी दी और यह भी बताया कि इन किस्मों को उगााकर अच्छी उपज हासिल की जा सकती है। डॉ0 अनूप कुमार दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक ने रवी एवं खरीफ की फसलों हेतु विकसित की गयी तकनीकियों से किसानों को अवगत कराया। केन्द्र के अध्यक्ष डॉ0 अनिल कुमार दुबे ने फलवृक्षों द्वारा आय में वृद्धि की संभावनाएं बतायी तथा परंपरागत खेती से हटकर फलवृक्षों को अपनाने पर भी जोर दिया। अंत में किसानों को सिंचाई में उपयोग आने वाले पाइप का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सी0एस0 सिंह एवं धन्यवाद डॉ0 श्यामजी मिश्रा ने किया ।

का एक दिवसीय प्रशिक्षण
03 फरवरी 2025
फसलों तथा उन्नत तकनीकी
में सुधार एवं आय में वृद्धि
226002 (उ.प्र.)

किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण
03 फरवरी 2025
तथा उन्नत तकनीकी
एवं आय